महत्वपूर्ण एवं खास

छग के 10 सब इंस्पेक्टर पदोन्नत कर बनाए गए इंस्पेक्टर, मिली नवीन पदस्थापना

रायपुर (आरएनएस)। डीजीपी डीएम अवस्थी द्वारा विभिन्न इकाईयों में पदस्थ 10 सब इंस्पेक्टर को इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति एवं नवीन पदस्थापना आदेश जारी किये गये हैं। जारी पदोन्नति आदेश के अनुसार नवीन इकाई में आमद उपरांत ही पदोन्नति मान्य की जाएगी। भरत लाल साहू राजनांदगांव से जशपुर, नरेंद्र बहादुर सिंह राजनांदगांव से मुंगेली, रूप सिंह साहू बालोद से कबीरधाम, रामशंकर मिश्रा कोरबा से मुंगेली, संतोष साहू बस्तर से जशपुर, नीलकंठ साहू बेमेतरा से मुंगेली, जगन सिंह कंवर सरगुजा से सूरजपुर, जनकराम कुर्रे कोरिया से जशपुर, शिवप्रसाद सिंह सूरजपुर से कोरिया, नंदलाल राठिया कोरबा से जशपुर किया गया है।

दूसरी पत्नी रखने के आरोप में आईजी ने एसआई को किया बर्खास्त

जगदलपुर (आरएनएस)। कोतवाली थाना के पूर्व एसआई विकेश चौहान को दूसरी महिला से प्यार हो गया, जांच में शिकायत सही पाए जाने पर आईजी बस्तर रेंज ने एसआई को बर्खास्त कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना के पूर्व एसआई विकेश चौहान ने शादीशुदा होने के बाद भीएक दूसरी महिला के साथ गुप-चुप तरीके से शादी की थी। इसकी भनक उसकी पहली पत्नी को लगने पर उसने आईजी बस्तर रेंज सुन्दरराज पी से कोतवाली में पदस्थ पूर्व सब इंस्पेक्टर विकेश चौहान पर दूसरी पत्नी रखने का आरोप लगा था, जांच में सही पाए जाने पर बर्खास्त कर दिया गया है। एसपी बस्तर जितेन्द्र सिंह मीणा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पहली पत्नी की शिकायत पर जांच में शिकायत सही पाई गई, जिस पर बस्तर आईजी ने 24 जून को कार्रवाई करते हुए सब इंस्पेक्टर विकेश चौहान को बर्खास्त कर दिया है।

सभी निजी और शासकीय स्कूलों में कोरोना गाइडलाइन का पूर्णतः पालन करने के निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। आयुक्त लोक शिक्षण डॉ. कमलप्रीत सिंह ने प्रदेश के सभी संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को सभी निजी और शासकीय स्कूलों में कोरोना गाइडलाइन का पूर्णतः पालन करने के निर्देश दिए है। लोक शिक्षण संचालनालय से सभी संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी पत्र में कहा गया है कि पूर्व में भी सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा पहली से 12वीं तक के कक्षाओं के लिए निर्देश दिए गए थे। सभी संबंधित अधिकारियों को पुनः निर्देशित किया गया है कि विद्यालय संचालन में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी कोरोना संक्रमण से बचाव के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

1 लाख 11 हजार रुपये मंशी ने कर लिया गबन,थाने में मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर के धरसींवा थाना क्षेत्र में कर्मचारी द्वारा 1 लाख 11 हजार रुपये गबन कर लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मोवा रायपुर निवासी आमिर खान 33 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी निजी व्यवसाय करता है। कवर्धा निवासी रसीद खान से कुछ माह पहले 1 लाख 11 हजार रुपये उधार लिया था। जिसे वापस करने के लिए 21 सितंबर को सुबह अपने मुंशी हैदर अली को नगदी 1लाख 11 हजार देकर सिलतरा भेजा था। हैदर खान ने कॉल करके उसे बताया कि रुपये रास्ते में कही गिर गए। प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि उसका मुंशी लालच में आकर रुपये गबन कर लिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 406 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गरियाबंद जिले में 58 करोड़ 33 लाख का किया वर्चुअल भूमिपूजन

गरियाबंद (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रम में गरियाबंद जिले को 58 करोड़ 33 लाख 43 हजार रूपये लागत के 14 विकास कार्यो की सौगातें दी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग गरियाबंद अंतर्गत 53 करोड़ 33 लाख 58 हजार रूपये लागत के 6 निर्माण कार्यों और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 4 करोड़ 99 लाख 85 हजार रूपये लागत के 8 नवीनीकरण कार्य का वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने की तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय टेकाम, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल, नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया उपस्थित थे। राजिम विधायक अमितेश शुक्ल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े थे। गरियाबंद जिले में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत राजिम विधानसभा में 2409.04 लाख रूपये की लागत से ग्राम पोखरा मार्ग लंबाई 14 कि.मी. का उन्नयन कार्य ग्राम रवेली से मड़वाडीह रोड़ लम्बाई

3 किमी का निर्माण कार्य प्रशासकीय स्वीकृति 225.18 लाख रुपये तथा ग्राम मडेली जरगांव पर घुनघुटी नाला पर पुल निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति 391.75 लाख रुपये का भूमिपूजन किया गया है। इसी तरह बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग गरियाबंद अन्तर्गत ग्राम बरदुला- नगरी- कांकेर-भानुप्रतापपुर-मानपुर मार्ग का नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य लम्बाई 47.60 किमी प्रशासकीय स्वीकृति 1808.58 लाख रुपये, देवभोग विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम सुपेबेड़ा पहुंचमार्ग पर स्थित बेलाट नाला में पुल निर्माण कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति 151.47 लाख रुपये तथा ग्राम राजापड़ाव गौरगांव मार्ग के 17.6 किमी पर बाग नाला पुल निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति 347.56 लाख रुपये का भूमिपूजन कार्य शामिल है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत खरखरा से बिरोडार मार्ग नवीनीकरण कार्य लागत 51.63 लाख रूपये, अमेठी से लोहझर मार्ग नवीनीकरण कार्य लागत 65 लाख रूपये, कुडेरादादर से बिजापाल मार्ग नवीनीकरण कार्य लागत 55.96 लाख रूपये, पलेमा से पंडरीपानी मार्ग नवीनीकरण कार्य लागत 66.17 लाख रूपये, 09टी01 से भुंजियामुड़ा मार्ग नवीनीकरण कार्य लागत 61.78 लाख रूपये, बरबहली से चनाभाठा मार्ग नवीनीकरण कार्य लागत 81.40 लाख रूपये, गौरघाट से कोदोभाठ मार्ग नवीनीकरण कार्य लागत 56.43 लाख रूपये तथा गोबरा से मैनपुर सड़क नवीनीकरण कार्य लागत 61.48 लाख रूपये के कार्य का भी भूमिपूजन किया गया।यहां जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला पंचायत की अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, उपाध्यक्ष संजय नेताम, नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन,एवं जिला पंचायत के सदस्यगण तथा कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल,एडीएम जेआर चौरसिया,एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एमआर जाटव,कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण प्रदीप वर्मा,उप संचालक कृषि एफआर कश्यप सहित सभी विभागी अधिकारी उपस्थित थे।

हाईस्कूल में पांच विद्यार्थी में मिले संक्रमित, सप्ताहभर के लिए स्कूल बंद

महासमुंद (आरएनएस)। बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बकमा स्थित हाईस्कूल में मंगलवार को हुए कोविड टेस्ट के दौरान पांच विद्यार्थियों की रिपोर्ट पॉजीटिव मिली है। खबर मिलने के बाद स्कूल बंद कर दिया गया है और संक्रमित बच्चों के संपर्क में आए विद्यार्थियों की टेस्टिंग किए जाने की बात कही जा रही है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को स्कूल में कक्षा 9 से 12 वीं तक के करीब 65 बच्चों का कोविड टेस्ट किया गया। इस दौरान पांच बच्चों की रिपोर्ट पॉजीटिव आई जिसमें तीन बालिकाएं और दो बालक हैं। संक्रमित मिले बच्चों को दवाई देकर होम आईसोलेशन में रखा गया है। जांच में तीन और बच्चे हैं जिनके कोरोना संक्रमित होने का संदेह हालांकि इनकी रिपोर्ट अभी आना बाकी है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को बागबाहरा के बीएमओ से कोविड जांच टीम स्कूल में जांच के लिए पहुंची जहां बच्चों की टेस्टिंग की गई जिसमें 5 बच्चे संक्रमित मिले। ज्ञात हो कि इससे पूर्व जिले के दो और स्कूलों में कोविड संक्रमित बच्चे मिल चुके हैं।

एक सप्ताह के लिए स्कूल बंद- शाला के प्राचार्य कुश साहू का कहना है कि संक्रमण के भय से स्कूल प्रबंधन ने आगामी एक सप्ताह के लिए स्कूल बंद कर दिया है। प्राचार्य ने बताया कि इससे पूर्व 13 सितंबर को 60 बच्चों की टेस्टिंग की गई थी जिसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई थी। स्टॉफ का भी कोविड टेस्ट कराया जा रहा है।

1.11 लाख गबन करने लूट की झूठी रिपोर्ट लिखाई, मुख्य आरोपी सहित 3 गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। एक निजी व्यवसायी का 01 लाख 11 हजार रूपये को गबन करने के लिए मुंशी ने लूट की झूठी कहानी बनाकर इसकी झूठी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी सहित 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से गबन की रकम बरामद कर ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आमिर खान थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मोवा रायपुर में रहता है तथा अपना निजी व्यवसाय करता है। प्रार्थी कवर्धा निवासी रसीद खान से कुछ माह पहले 01 लाख 11 हजार रूपये उधार लिया था। प्रार्थी उक्त रकम वापस करने 21 सितंबर को अपने मुंशी हैदर अली को उक्त रकमदेकर देकर रसीद खान के कर्मचारी गोलू ऊर्फ भूपेन्द्र को रकम देने सिलतरा भेजा था। इसी दौरान दोपहर करीबन 020 बजे मुंशी हैदर अली ने आमिर खान को फोन कर बताया कि जो रकम उसने गोलू को देने के लिये दिये थे वह रकम रास्ते में कहीं गिर गया है। पूछने पर जवाब संतोषप्रद नहीं दिया। हैदर अली ने प्रार्थी द्वारा दिये गये एक लाख ग्यारह हजार रूपये को गोलू को नहीं देकर स्वयं लाभ प्राप्त करने की नियत से छुपा दिये। जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 528/21 धारा 406 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

इधर इस घटना में सायबर सेल एवं थाना धरसींवा की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ किया गया। चूंकि प्रार्थी के मुंशी हैदर अली ने थाना जाकर अपने साथ लूट होना बताया था उसके द्वारा बताया गया कि सिलतरा पास 03-04 लड़के 02 मोटरसाइकिल में आकर धारदार हथियार टिका कर वार कर उससे नगदी रकम लूट कर ले गये। टीम द्वारा तस्दीक करने पर हैदर अली के साथ लूट होना नहीं पाया गया। हैदर अली से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बार बार अपना बयान बदलकर कभी लूट की, कभी चोरी की तो कभी रकम गुमने की बात कहकर लगातार टीम को गुमराह किया जा रहा था। टीम के सदस्यों द्वारा हैदर अली के बतायेनुसार उसकी बातों की पुनः तस्दीक करने पर भी सभी तथ्य झूठे पाए गए। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर हैदर अली ने अपने साथी खालिद एवं भूपेन्द्र पनागर (रसीद खान का कर्मचारी) के साथ मिलकर रकम को गबन करने की नियत से अपने पास रखना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त खालिद एवं भूपेन्द्र पनागर को भी पकड़ा गया।

फिनो पेमेंट्स बैंक के ब्रांड एम्बेसडर बने पंकज त्रिपाठी

रायपुर (आरएनएस)। 1 सितंबर, 2021 से शुरू होने वाले इस गठबंधन के दौरान पंकज त्रिपाठी विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर फिनो पेमेंट्स बैंक के मार्केटिंग अभियानों का चेहरा होंगे। वो ब्रांड के उत्पादों व सेवाओं को प्रमोट करने के लिए ब्रांड के साथ मिलकर काम करेंगे, जिनका प्रतिनिधित्व फिनो के सदैव मौजूद, मित्रवत एवं नज़दीकी स्थानीय बैंकर, जो हमेशा उपलब्ध रहते हैं, करते हैं!

हिमांशु मिश्रा, सिनीयर डिव्हिजनल हेड, पश्चिम व मध्यद्ध फिनो पेमेंट्स बैंक के अनुसार - ''फिनो ने पहली बार एक ब्रांड एम्बेसडर के साथ गठबंधन किया है, जो खुद में एक बड़ी उपलब्धि है।'' उन्होंने कहा, ''हमें लोकप्रिय कलाकार, पंकज त्रिपाठी को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाने की बहुत खुशी है। पंकज त्रिपाठी का व्यक्तित्व हमारे ब्रांड के मूल्यों के अनुरूप है। हमें विश्वास है कि यह गठबंधन न केवल इस ब्रांड की रिकॉल बढ़ाएगा, बल्कि डिजिटल बैंकिंग अपनाने के प्रति उपभोक्ताओं का व्यवहार बदलने में भी बहुत कारगर रहेगा।

फिनो पेमेंट्स बैंक के साथ अपने गठबंधन के बारे में पंकज त्रिपाठी ने कहा, ''जब मैंने फिनो के 'फिक्र नॉट' दृष्टिकोण के बारे में सुना, तो मैं बहुत खुश हुआ क्योंकि अपनी जिंदगी में मैं ऐसा ही हूँ। मेरी सफलता का श्रेय भी मेरे इसी दृष्टिकोण को जाता है, इसी कारण इस ब्रांड से मेरा भावनात्मक जुड़ाव फौरन बन गया। मैं फिनो पेमेंट्स बैंक और एजेंसी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने मुझे फिनो ब्रांड का चेहरा बनाया। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूँ।''

आनंद भाटिया, सीएमओ, फिनो पेमेंट्स बैंक ने कहा, ''सबसे महत्वपूर्ण फैसला यह था कि ब्रांड को जीवंत कौन करेगा, ब्रांड के गुणों के अनुरूप कौन है और कौन सी सेलिब्रिटी में ये दोनों चीजें हैं।'' उन्होंने कहा, ''पंकज त्रिपाठी से पूरे देश का जुड़ाव है और उनमें फिनो पेमेट्स बैंक के मूल्य निहित हैं, जैसे वो जमीनी, वास्तविक, सच्चे, ईमानदार, सक्षम एवं मेहनती हैं। वो अपने एन्डॉर्समेंट द्वारा एक सामाजिक जागरुकता लाने पर केंद्रित रहते हैं, जो फिनो के सामाजिक रूप से समावेशी व्यवसाय के अनुरूप है। इसलिए वो इस ब्रांड के लिए उत्तम हैं। वो ऐसे पुरुष हैं, जो अपनी मेहनत के बल पर खड़े हुए हैं, ठीक वैसे ही, जैसे हमारा बैंक अपनी मेहनत के बल पर खड़ा हुआ है।''

पंकज त्रिपाठी फिनो के पहले 'फिक्र नॉट' अभियान का चेहरा होंगे, जो बैंकिंग प्रक्रिया से जुड़े डर व आत्मविश्वास की कमी जैसी चीजों को दूर करने के लिए बनाया गया है। फिनो का मानना है कि इसके ग्राहकों को बैंकिंग करते हुए कोई 'फिक्र' या चिंता नहीं करनी चाहिए।

एफ्मीबीएल का लक्षित समूह, यानि 'उभरते हुए भारत का ग्राहक' वह समूह है, जो वित्तीय साक्षरता, टेक्नॉलॉजी के इस्तेमाल से कम परिचित है और उसके पास वित्तीय समावेशन नहीं है।

बारिश थमी, पर अभी भी बांगो बांध का एक गेट खुला

कोरबा (आरएनएस)। पिछले दो दिनो में वैसे तो कोरबा जिले में बारिश कुछ कम हुई है परंतु पड़ोसी ज़िलों विशेषकर कोरिया और हसदेव नदी के केचमेंट एरिया में रूक रुक कर बारिश के कारण बांगो बांध में पानी अभी भी भर रहा है। मिनिमाता बांगो बांध का एक गेट इसी कारण अभी भी खुला है। इस गेट से 06 हज़ार 140 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है। अभी बांध का जल स्तर 359.40 मीटर पर स्थिर है। बांध का अधिकतम जल स्तर बिंदु 359.66 मीटर निर्धारित है। बांगो बांध परियोजना के कार्यपालन अभियंता केशव कुमार ने बताया कि कोरिया में रुक-रूक कर हो रही बारिश से तान नदी से लगातार पानी बांध के केचमेंट एरिया में आ रहा है। इस पानी के बांध में आने से जल स्तर को बनाए रखने के लिए अभी भी बांध का गेट नम्बर 6 एक मीटर खुला हुआ है। कुमार ने बताया कि इस गेट से नदी में 06 हज़ार 140 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है साथ ही जल विधुत संयंत्र को भी नौ हज़ार क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। इस तरह बांगो बांध से कुल 15 हज़ार 140 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है।

विशाखापट्टनम, बेंगलुरु, भुवनेश्वर के लिए हवाई सेवा की कवायद शुरू हुई

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तरवासियों को जगदलपुर से रायपुर, तेलंगाना के हैदराबाद के बाद अब आंध्रा के विशाखापत्तनम, बेंगलुरु और उड़ीसा के भुवनेश्वर के लिए जिला प्रशासन ने हवाई सेवा विस्तार के लिए दोनो एजेंसियों से बात की है। एक वर्ष पूर्व जगदलपुर से हैदराबाद और रायपुर तक चालू हुए उड़ान सेवा को और अन्य प्रदेशों तक उड़ाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। जगदलपुर से विशाखापटनम, बेंगलुरु और भुवनेश्वर के लिए एयर एलाइंस और एयरक्राफ्ट की वायु सेवा को शुरू करने की योजना बनाई गई है। जगदलपुर मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट दूसरी विमान सेवाओं के लिए तैयारी चल रही है।

बस्तरचेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज जगदलपुर ने उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंह को पत्र लिखा है, जिसमें जगदलपुर से जारी हवाई सेवाओं में विस्तार की मांग की है। चेम्बर ने पत्र में कहा है कि वतर्मान में जारी विमान सेवा को बेहतरीन प्रतिसाद मिल रहा है, तथा एक वर्ष की अवधि में लगभग 43500 यात्री इसका लाभ उठा चुके हैं। बस्तर चेम्बर अध्यक्ष किशोर पारख ने मांग की है कि एक सेवा विशाखापट्टनम तथा एक सेवा मेट्रो शहर को जोड़ने हेतु प्रारम्भ की जाए। कलेक्टर बस्तर रजत बंसल ने बताया कि एलायंस एयर को साल भर में अच्छा प्रतिसाद मिला है। कोरोना काल के बावजूद इस रुट पर एयर ट्रैफिक पूरे साल उम्मीद से ज्यादा रहा। हम विशाखापट्टनम, बेंगलुरु, भुवनेश्वर के लिए नई फ्लाइट शुरू करने लगातार प्रयास कर रहे हैं। बस्तर में अर्ध सैनिक बल की संख्या ज्यादा है, इसलिए हम दिल्ली की कनेक्टिविटी भी मांग रहे हैं। एयरपोर्ट में सुविधाओं का विस्तार भी इसी के मद्देनजर किया जा रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, मान-मीडिया उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं जनशैक्षणिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, प्रावेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित शासन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन उस पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल मिशन पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

तेन्दूपत्ता संग्रहणः कोरोना संकट की घड़ी में लगी आय की झड़ी

» छत्तीसगढ़ में 522 करोड़ रूपए के 13.05 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण

» समस्त 12.14 लाख तेन्दूपत्ता संग्राहकों को हो चुका भुगतान शत-प्रतिशत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में चालू वर्ष 2021 के दौरान तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन में 522 करोड़ रूपए से अधिक की राशि के 13 लाख 5 हजार 710 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है। इस दौरान तेन्दूपत्ता संग्रहण करने वाले समस्त 12 लाख 14 हजार 372 संग्राहकों को 522 करोड़ रूपए की राशि का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा वनवासियों के हित में लिए गए अहम फेसले के फलस्वरूप राज्य में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को इनमें से केवल 2 माह मई तथा जून में ही 502 करोड़ 49 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका था। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि इससे राज्य के आदिवासी-वनवासी सहित तेन्दूपत्ता संग्राहकों को कोरोना संकट की विषम परिस्थिति में रोजी-रोटी की कोई समस्या नहीं आयी और उन्हें तेन्दूपत्ता के संग्रहण से बहुत बड़ा सहारा मिला। इस तरह सभी वनवासियों सहित तेन्दूपत्ता संग्राहकों की जिन्दगी में कोरोना संकट की घड़ी में भी आय की झड़ी लग गई। राज्य लघु वनोपज संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष राज्य में सर्वाधिक तेन्दूपत्ता संग्रहण करने वाले 5 वन मंडलों में पूर्व भानुप्रतापपुर, बलरामपुर, सुकमा, बीजापुर तथा पश्चिम भानुप्रतापपुर शामिल हैं। इनमें पूर्व भानुप्रतापपुर वन मंडल के अंतर्गत 36 करोड़ 53 लाख रूपए की राशि के 91 हजार 320 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ है। इसके पश्चात् बलरामपुर वन मंडल के अंतर्गत 36 करोड़ 21 लाख रूपए की राशि के 90 हजार 526 मानक बोरा तथा सुकमा वन मंडल के अंतर्गत 30 करोड़ 37 लाख रूपए की राशि के 75 हजार 914 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है। बीजापुर वन मंडल के अंतर्गत 30 करोड़ 16 लाख रूपए की राशि के 75 हजार 395 मानक बोरा और पश्चिम भानुप्रतापपुर वन मंडल के अंतर्गत 30 करोड़ 5 लाख रूपए की राशि के 75 हजार 120 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ है।

इसी तरह वन मंडलवार दंतेवाड़ा में 4 करोड़ रूपए की राशि के 10 हजार 395 मानक बोरा, जगदलपुर में 6 करोड़ की राशि के 14 हजार 802 मानक बोरा, दक्षिण कोण्डागांव में 5 करोड़ रूपए की राशि के 12 हजार 446 मानक बोरा तथा केशकाल में 8 करोड़ 44 लाख रूपए की राशि के 21 हजार 107 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ है।